भौतिकी

अध्याय-13: नाभिक

SHIVOM CLASSES 8696608541

नाभिक

वैज्ञानिक रदरफोर्ड ने अल्फा-कण पर प्रकीर्णन के प्रयोग द्वारा ज्ञात किया। कि किसी परमाणु का समस्त धन आवेश एक सूक्ष्म जगह (केंद्र) पर जमा रहता है। इस स्थान को परमाणु का नाभिक कहते हैं। नाभिक की त्रिज्या 10^{-15} मीटर की कोटी की होती है।

चूंकि इलेक्ट्रॉन पर ऋण आवेश होता है इसलिए यह नाभिक के चारो ओर निश्चित कक्षाओं में घूमते रहते हैं। नाभिक में जितना धन आवेश होता है उतना ही नाभिक के चारों ओर ऋण आवेश होता है।

नाभिक संबंधित महत्वपूर्ण बिंदु

• नाभिक में केवल धन आवेश उपस्थित होता है ऋण आवेश (इलेक्ट्रॉन) नाभिक के चारो ओर अलग-अलग कक्षाओं में घूमता रहता है।

• नाभिक के अंदर प्रोटॉन तथा न्यूट्रॉन होते हैं प्रोटॉनओं तथा न्यूट्रॉनों की संख्या के योग को परमाणु की द्रव्यमान संख्या कहते हैं। एवं केवल प्रोटोनों की संख्या को परमाणु क्रमांक कहते हैं।

• $_{17}Cl^{35}$ ये समस्थानिक हैं। क्योंकि इन दोनों के परमाणु क्रमांक समान हैं, जो कि 17 हैं। तथा द्रव्यमान संख्याएं भिन्न-भिन्न हैं 35 तथा 37।

• 1 a.m.u. में 931 मेगा इलेक्ट्रॉन-वोल्ट होते हैं।

• $_{84}P^{218}$ इस संकेतक से तात्पर्य है - इसमें 84 नाभिक में प्रोटॉनों की संख्या या परमाणु क्रमांक है तथा 218 पोलिनियम परमाणु की द्रव्यमान संख्या (न्यूक्लिऑनों की संख्या) है।

• नाभिकीय रिएक्टर में भी नाभिकीय विखंडन की घटना घटित होती है।

• 1 क्यूरी में 3.7×10^{10} विघटन/सेकंड होते हैं। क्यूरी रेडियोएक्टिव पदार्थ की सक्रियता का मात्रक होता है।

नाभिकीय विखंडन

जब किसी भारी तत्व के परमाणुओं पर न्यूट्रॉनओं की बमबारी की जाती है तो भारी तत्व दो बराबर-बराबर हल्के तत्वों में टूट जाता है। एवं इसमें बहुत अधिक ऊर्जा का उत्सर्जन होता है इस प्रकार किसी भारी तत्व का हल्के-हल्के तत्वों में टूटने की प्रक्रिया को नाभिकीय विखंडन (nuclear fission) कहते हैं।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

नाभिकीय विखंडन का समीकरण

आइयें नाभिकीय विखंडन को समीकरण द्वारा समझते हैं। इसमें एक तत्व यूरेनियम ($_{92}U^{235}$) का प्रयोग करेंगे, यूरेनियम का परमाणु क्रमांक 92 तथा न्यूक्लिऑनों की संख्या 235 है। यूरेनियम के दो समस्थानिक होते हैं - $_{92}U^{238}$ तथा $_{92}U^{235}$

जब यूरेनियम पर न्यूट्रॉन की बमबारी की जाती है एवं एक न्यूट्रॉन जब यूरेनियम से टकराता है। तब यूरेनियम इसको अवशोषित कर लेता है और एक आइसोटोप U^{236} बन जाता है। परंतु यह अत्यंत अस्थायी होता है जिस कारण यह दो खंडों में विखंडित हो जाता है और साथ ही न्यूट्रॉन तथा ऊर्जा का भी उत्सर्जन होता है। चित्र द्वारा स्पष्ट किया गया है। तो इस प्रकार नाभिकीय विखंडन का समीकरण

$_{92}U^{235} + {_0}n^1 \rightarrow {_{92}}U^{236}$

$_{92}U^{236} \rightarrow {_{56}}Ba^{144} + {_{36}}Kr^{89} + 3{_0}n^1$ + ऊर्जा

$_{92}U^{235} + {_0}n^1 \longrightarrow {_{92}}U^{236}$

यूरेनियम न्यूट्रॉन आइसोटोप

$_{92}U^{236} \longrightarrow {_{56}}Ba^{144} + {_{36}}Kr^{89} + 3{_0}n^1$ + ऊर्जा

आइसोटोप बेरियम क्रिप्टन तीन न्यूट्रॉन



नाभिकीय विखंडन

नाभिकीय विखंडन में उर्जा

"नाभिकीय विखंडन में उर्जा किस रूप से निकलती है।" नाभिकीय विखंडन में अत्यधिक ऊर्जा का उत्सर्जन होता है जिसे नाभिकीय ऊर्जा कहते हैं।

SHIVOM CLASSES 8696608541

गणना द्वारा ज्ञात किया गया कि यूरेनियम के इस नाभिक से लगभग 190 मेगा इलेक्ट्रॉन-वोल्ट ऊर्जा मुक्त होती है। एवं इस ऊर्जा का अधिकांश भाग विखंडन द्वारा प्राप्त हल्के नाभिकों (जैसे Ba तथा Kr) की गतिज ऊर्जा के रूप में प्राप्त होता है। तथा ऊर्जा का शेष भाग उत्सर्जित न्यूटनों की गतिज ऊर्जा तथा ऊष्मा विकिरणों के रूप में प्राप्त होता है।

नाभिकीय विखंडन में श्रृंखला अभिक्रिया



श्रृंखला अभिक्रिया

जब यूरेनियम परमाणु पर न्यूटनों की बमबारी की जाती है तब यूरेनियम नाभिक दो बराबर बराबर नाभिक में टूट जाता है। एवं साथ ही अत्यधिक ऊर्जा तथा तीन नये इलेक्ट्रॉन भी मुक्त होते हैं। अगर आगे भी यूरेनियम नाभिक हो तो ये नये न्यूट्रॉन ही यूरेनियम से टकराकर उसे भी विखंडित कर देते हैं। एवं आगे भी यही नियम लागू होता है। जैसा चित्र में दिखाया गया है तब नाभिकों के विखंडन की एक श्रृंखला बन जाती है। इस प्रक्रिया को नाभिकीय विखंडन की श्रृंखला अभिक्रिया कहते हैं।

नाभिकीय विखंडन का उदाहरण परमाणु बम (atomic bomb) है। अर्थात परमाणु बम नाभिकीय विखंडन पर आधारित होता है।

नाभिकीय संलयन

जब दो या अधिक हल्के नाभिक संयुक्त होकर एक भारी नाभिक का निर्माण करते हैं। तब इस प्रक्रिया को नाभिकीय संलयन कहते हैं।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

नाभिकीय संलयन प्रक्रिया से प्राप्त भारी नाभिक का द्रव्यमान, हल्के दोनों नाभिकों के द्रव्यमान के योग से कम होता है। इस प्रकार नाभिकीय संलयन में द्रव्यमान की हानि (क्षति) होती है जो कि ऊर्जा के रूप में प्राप्त हो जाती है।

नाभिकीय संलयन के उदाहरण

जब दो भारी हाइड्रोजन अर्थात् ड्यूटिरियम ($_1H^2$) संलयित होते हैं। तो ट्रॉइटियम प्राप्त होता है। एवं द्रव्यमान की क्षति ऊर्जा के रूप में प्राप्त होती है।

$_1H^2 + {_1H^2} \rightarrow {_1H^3} + {_1H^1}$ + ऊर्जा

अब ट्रॉइटियम को पुनः ड्यूटिरियम के साथ मिलकर संलयित होने पर हीलियम नाभिक का निर्माण होता है।

$_1H^3 + {_1H^2} \rightarrow {_2He^4} + {_0n^1}$ + ऊर्जा

अतः स्पष्ट है कि ड्यूटिरियम के तीन नाभिक संलयित होकर एक हीलियम नाभिक का निर्माण करते हैं। इस दौरान जो ऊर्जा मुक्त होती है वह प्रोटॉन sub>1H^1) तथा न्यूट्रॉन sub>0n^1) को गतिज ऊर्जा के रूप में प्राप्त होती है। नाभिकीय संलयन का उदाहरण हाइड्रोजन बम (hydrogen bomb) है। अर्थात हाइड्रोजन बम नाभिकीय संलयन की क्रियाविधि पर आधारित होता है।

नाभिकीय संलयन की प्रक्रिया

नाभिकीय संलयन प्रक्रिया एक बहुत ही कठिन प्रक्रिया है। क्योंकि इसमें जिन नाभिकों का संलयन होता है। वह नाभिक, इस दौरान एक दूसरे के समीप आ जाते हैं। एवं अब इन नाभिकों के बीच प्रतिकर्षण बल अत्यंत तीव्र (मजबूत) हो जाता है। इस बल के विपरीत नाभिकों का संलयन करने के लिए बहुत अधिक ऊर्जा की आवश्यकता पड़ती है जो कि प्राकृतिक रूप से उपलब्ध नहीं है। इस कारण नाभिकीय संलयन प्रक्रिया बहुत कठिन है।

रेडियो सक्रियता

किसी रेडियोएक्टिव पदार्थ के परमाणुओं के क्षय होने की दर को उस रेडियोएक्टिव पदार्थ की सक्रियता कहते हैं।

इसके अनुसार किसी क्षण रेडियोएक्टिव पदार्थ के क्षय होने की दर, उस क्षण पदार्थ में शेष परमाणुओं की संख्या के अनुक्रमानुपाती होती है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

माना किसी क्षण रेडियोएक्टिव पदार्थ में बचे परमाणुओं की संख्या N है तो उस क्षण पदार्थ की सक्रियता R हो तो

$$R \propto N$$

मानो किसी रेडियोएक्टिव पदार्थ के प्रारंभ में N_0 परमाणु हैं एवं पदार्थ की अर्द्ध आयु T है तो एक अर्द्ध आयु के पश्चात शेष रेडियोएक्टिव परमाणुओं की संख्या

$N =- \left(\frac{1}{2}\right)N_0$ इसी प्रकार दो अर्द्ध आयु के पश्चात शेष परमाणुओं की संख्या

$N =- \left(\frac{1}{2}\right)^2 N_0$ ऐसे ही अर्द्ध आयु के पश्चात शेष परमाणुओं की संख्या

$N =- \left(\frac{1}{2}\right)^3 N_0$ अतः n अर्द्ध आयु के पश्चात शेष परमाणुओं की संख्या

$$\boxed{N = N_0\left(\frac{1}{2}\right)}$$

n अर्द्ध आयु के पश्चात रेडियोएक्टिव पदार्थ की सक्रियता

$\boxed{R = R_0\left(\frac{1}{2}\right)}$ अतः यह समीकरण ही रेडियो सक्रियता का संबंध समीकरण है। इससे स्पष्ट है कि रेडियो एक्टिव पदार्थ की सक्रियता समय के साथ घटती जाती है।

रेडियो सक्रियता का मात्रक

रेडियोएक्टिव पदार्थ की सक्रियता का मात्रक क्यूरी होता है। इसे C द्वारा प्रदर्शित किया जाता है यदि किसी रेडियोएक्टिव पदार्थ में 3.7×10^{10} विघटन/सेकंड होते हैं। तो उस पदार्थ की सक्रियता 1 क्यूरी होगी। अर्थात स्पष्ट है कि 1 क्यूरी में 3.7×10^{10} विघटन/सेकंड होते हैं।

1 क्यूरी C = 3.7×10^{10} विघटन/सेकंड

1 मिलीक्यूरी mC = 3.7×10^{7} विघटन/सेकंड

SHIVOM CLASSES 8696608541

1 माइक्रोक्यूरी μC = 3.7 × 10^4 विघटन/सेकंड

सक्रियता का एस आई मात्रक बेकेरल होता है

1 बेकेरल = 1 विघटन/सेकंड

1 क्यूरी C = 3.7 × 10^{10} बेकेरल

रेडियोएक्टिव पदार्थ की अर्द्ध आयु

वह समय अंतराल जिसमें किसी रेडियोएक्टिव पदार्थ के परमाणुओं की संख्या विघटन के कारण घटकर प्रारंभिक मान की आधी हो जाती है। तब उस समय अंतराल को रेडियोएक्टिव पदार्थ की अर्द्ध आयु कहते हैं। इसे T द्वारा प्रदर्शित करते हैं।

$$T = \frac{\log_e 2}{\lambda}$$ या $$T = \frac{0.6931}{\lambda}$$

जहां λ क्षय नियतांक है।

नाभिक की संरचना

वैज्ञानिक रदरफोर्ड में अल्फा-कण प्रकीर्णन प्रयोग द्वारा यह पता लगाया कि किसी परमाणु का समस्त धन आवेश परमाणु के केंद्र में एकत्रित रहता है। एवं इलेक्ट्रॉन (ऋण आवेश) इसके चारों ओर गति करते रहते हैं। इस केंद्र के भाग को परमाणु का नाभिक कहते हैं। नाभिक की त्रिज्या 10_{-15} मीटर होती है। एवं पूरे परमाणु की त्रिज्या 10_{-10} मीटर होती है इस प्रकार नाभिक की त्रिज्या परमाणु की त्रिज्या के दस हजारवें भाग के बराबर होती है।

इसी बीच सन 1919 ई० में रदरफोर्ड ने प्रोटॉन की खोज की और बताया कि प्रोटोन का द्रव्यमान, हाइड्रोजन के नाभिक के द्रव्यमान के बराबर होता है, एवं इस पर धन आवेश होता है। परमाणु के नाभिक में प्रोटॉन ही उपस्थित होते हैं। किसी परमाणु के नाभिक में उपस्थित प्रोटॉन, उस परमाणु के परमाणु क्रमांक के बराबर होते हैं।

सन 1932 ई० में न्यूट्रॉन की खोज हुई और यह माना गया कि न्यूट्रॉन पर कोई आवेश नहीं होता है। लेकिन इसका द्रव्यमान लगभग प्रोटोन के बराबर ही होता है न्यूट्रॉन के यह गुण, प्रोटोन के गुणों के साथ मिलकर नाभिक का रूप ले लेते हैं। अतः अंत में यह माना गया कि परमाणु के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉन उपस्थित होते हैं।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्रोटोन पर धन आवेश होता है एवं न्यूट्रॉन पर कोई आवेश नहीं होता है, यह आवेशहीन होता है। एवं न्यूट्रॉन का द्रव्यमान होता है प्रोटोन तथा न्यूट्रॉन की संख्या परमाणु के कुल द्रव्यमान के बराबर होती है।

नाभिक का आकार

रदरफोर्ड ने पतले स्वर्ण पत्रों पर अल्फा-कण प्रकीर्णन प्रयोग द्वारा नाभिक के आकार का पता लगाया। कि नाभिक का आयतन उसमें उपस्थित न्यूक्लिऑनों की संख्या के अनुक्रमानुपाती होता है।

माना न्यूक्लिऑनों की संख्या A हो तथा नाभिक की त्रिज्या R है तब

चूंकि परमाणु का आकार गोलाकार होता है तब गोले का आयतन $\frac{4}{3}\text{\textbackslash piR}^3$ होगा। अतः

$\frac{4}{3}3\text{\textbackslash piR}^3 \propto A$ या $R^3 \propto A$

$R = A^{1/3}$

$$\boxed{R = R_0A^{1/3}}$$

जहां R_0 एक नियतांक है इस नियतांक का प्रयोग द्वारा प्राप्त मान 1.2 × 10_{-15} मीटर के लगभग होता है। चूंकि 19 न्यूक्लिऑनों की संख्या भिन्न-भिन्न परमाणुओं के लिए भिन्न-भिन्न होती है।

इसलिए नाभिकों की त्रिज्याएं भी भिन्न-भिन्न परमाणुओं के लिए भिन्न-भिन्न होती हैं।

न्यूक्लिऑनों की संख्या, न्यूट्रॉन और प्रोटॉन की संख्या के बराबर होती है अतः न्यूक्लिऑनों की संख्या = प्रोटॉन + न्यूट्रॉन की संख्या

नाभिकीय बल

नाभिक के भीतर उपस्थित वह बल जो न्यूक्लिऑनों (न्यूट्रॉनों और प्रोटॉनों) को परस्पर बांधे रखता है। इस बल को नाभिकीय बल (nuclear force) कहते हैं।

नाभिकीय बल दो प्रकार के होते हैं।

SHIVOM CLASSES 8696608541

(1) प्रबल नाभिकीय बल

(2) दुर्बल नाभिकीय बल

प्रबल नाभिकीय बल

नाभिक के भीतर प्रोटोनों तथा न्यूट्रॉनों को एक साथ बांधे रखने वाले बल को प्रबल नाभिकीय बल (strong nuclear force) कहते हैं। प्रबल नाभिकीय बल के लक्षण -

(i) प्रबल नाभिकीय बल आवेश पर निर्भर नहीं करता है। अर्थात दो प्रोटोनों तथा दो न्यूट्रॉनों के बीच जितना नाभिकीय बल होगा, उतना ही एक प्रोटोन तथा एक न्यूट्रॉन के बीच होगा।

(ii) प्रबल नाभिकीय बल विद्युत चुंबकीय बल की तुलना में 100 गुना अधिक प्रबल होता है।

(iii) प्रबल नाभिकीय बल लघु (कम) परास का होता है। यह केवल नाभिक के भीतर ही होता है नाभिक से दूर जाने पर यह बल लगातार घटता जाता है।

दुर्बल नाभिकीय बल

दुर्बल नाभिकीय बल भी प्रबल नाभिकीय बल की भांति ही लघु परास वाला बल होता है। दुर्बल नाभिकीय बल गुरुत्वाकर्षण बल से प्रबल होता है जबकि विद्युत चुंबकीय तथा नाभिकीय बलों से क्षीण (कमजोर) होता है।

नाभिकीय घटनाएं जैसे रेडियोएक्टिव नाभिक से बीटा-क्षय में कार्य करने वाला बल दुर्बल नाभिकीय बल होता है।

नाभिकीय बल के गुण

1. नाभिकीय बल आकर्षण बल होता है - न्यूक्लिऑनों के बीच आकर्षण के कारण ही नाभिकीय बल लगता है।
2. नाभिकीय बल विद्युत बल नहीं होता है - अर्थात यह बल विद्युत प्रकृति के नहीं होते हैं।
3. नाभिकीय बल अत्यंत प्रबल होता है - अर्थात यह बल बहुत अधिक मजबूत होते हैं। क्योंकि इनके परमाणुओं में लघु परास होती है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

नाभिक का वर्गीकरण

प्रोटोनों की संख्या के आधार पर नाभिक को तीन भागों में बांटा गया है।

(i) समस्थानिक (समप्रोटोनिक)
(ii) समभारिक
(iii) समन्यूट्रॉनिक

समस्थानिक (समप्रोट्रॉनिक)

वे तत्व जिनके परमाणु क्रमांक समान होते हैं एवं द्रव्यमान संख्या (प्रोटॉन तथा न्यूट्रॉनों की संख्या) भिन्न-भिन्न होती हैं। समस्थानिक कहलाते हैं। जैसे

हाइड्रोजन - ${}_1H^1$, ${}_1H^2$, ${}_1H^3$

क्योंकि इसमें न्यूट्रॉनों की संख्या समान रहती है इसलिए इसे समप्रोट्रॉनिक भी कहते हैं।

समभारिक

वे तत्व जिनके परमाणु क्रमांक भिन्न-भिन्न होते हैं परंतु द्रव्यमान संख्या समान होती है समभारिक कहलाते हैं।

जैसे - ${}_{18}Ar^{40}$ व ${}_{20}Ca^{40}$

समन्यूट्रॉनिक

वे तत्व जिनके परमाणु क्रमांक तथा द्रव्यमान संख्या दोनों ही भिन्न-भिन्न होती हैं परंतु न्यूट्रॉनों की संख्या समान होती है समन्यूट्रॉनिक कहलाते हैं।

जैसे - ${}_1H^3$ व ${}_2He^4$

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

NCERT SOLUTIONS

अभ्यास (पृष्ठ संख्या 464-466)

प्रश्न 1

a. लीथियम के दो स्थायी समस्थानिकों को $^{6}_{3Li}$ एवं $^{7}_{3Li}$ की बहुलता का प्रतिशत क्रमशः 7.5 एवं 92.5 हैं। इन समस्थानिकों के द्रव्यमान क्रमशः 6.01512u एवं 7.01600u हैं। लीथियम का परमाणु द्रव्यमान ज्ञात कीजिए।

b. बोरॉन के दो स्थायी, समस्थानिक $^{10}_{5B}$ एवं $^{11}_{5B}$ हैं। उनके द्रव्यमान क्रमशः 10.01294u एवं 11.00931u एवं बोरॉन का परमाणु भार 10.811u है। $^{10}_{5B}$ एवं $^{11}_{5B}$ की बहुलता ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

a. माना लीथियम के किसी नमूने में 100 परमाणु लिए गए हैं, तब इनमें 7.5 परमाणु के तथा 92.5 परमाणु के होंगे।

∴ 100 परमाणुओं का द्रव्यमान =(7.5 × 6.01512 + 92.5 × 7.01600)u

= (45,1134 + 648.98)u = 694.0934u

$$= \frac{x \times \frac{10}{5}\text{B का परमाणु द्रव्यमान} + y \times \frac{11}{5}\text{B का परमाणु द्रव्यमान}}{100}$$

$$\Rightarrow 10.811 = \frac{x \times 10.01294 + y \times 11.00931}{100}$$

$$= \frac{694.0934}{100}$$

$$= 6.940934u$$

$$\approx 6.941u$$

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

b. माना बोरॉन के दो समस्थानिकों की बहुलता क्रमशः x% तथा y% है, तब-

x+y...(1)

यदि बोरॉन के 100 परमाणु लिए जाएँ तो इनमें x परमाणु $^{10}_{5B}$ के तथा y परमाणु $^{11}_{5B}$ के होंगे।

∴ बोरॉन का परमाणु द्रव्यमान-

$$\therefore \text{ लीथियम का औसत परमाणु द्रव्यमान} = \frac{100 \text{ परमाणुओं का द्रव्यमान}}{100}$$

$$10.811 \times 100 = 10.01294x + 11.00931(100 - x) \; [\therefore x + y = 100]$$

$$\Rightarrow 1081.1 - 1100.931 = 10.012943x - 11.00931x$$

$$\Rightarrow -19.831 = -0.99637x$$

$$\therefore x = \frac{-19.831}{-0.99837} = 19.9$$

$$\therefore y = 100 - x = 100 - 19.9 = 80.1$$

अतः बोरॉन में $^{10}_{5}B$ तथा $^{11}_{5}B$ समस्थानिकों की बहुलता प्रतिशत क्रमशः 19.9 तथा 80.1 हैं।

प्रश्न 2 नियॉन के तीन स्थायी समस्थानिकों की बहुलता क्रमशः 90.51%, 0.27% एवं 9.22% है। इन समस्थानिकों के परमाणु द्रव्यमान क्रमशः 19.99u, 20.99u एवं 21.99u हैं। नियॉन का औसत परमाणु द्रव्यमान ज्ञात कीजिए।

उत्तर- यदि नियॉन के 100 परमाणु लिए जाएँ तो उनमें नियॉन के तीन समस्थानिकों के क्रमशः 90. परमाणु, 0.27 परमाणु तथा 9.22 परमाणु होंगे।

∴ नियॉन का औसत परमाणु द्रव्यमान-

$$= \frac{(90.51 \times 19.99 + 0.27 \times 20.99 + 9.22 \times 21.99)}{100}$$

$$= \frac{(1809.2949 + 5.6673 + 202.7478)u}{100}$$

$$= \frac{2017.71}{100}$$

$$= 20.177u \approx 20.18u$$

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्रश्न 3 नाइट्रोजन नाभिक (147N) की बन्धन-ऊर्जा MeV में ज्ञात कीजिए। mN = 14.00307u.

उत्तर-

$\left({}_{7}^{14}\mathrm{N}\right)$ में प्रोटॉन = Z = 7 तथा न्यूट्रॉन

$= (A - Z) = (14 - 7) = 7$

न्यूक्लिऑनों का कुल द्रव्यमान $= 7 \times m_H + 7 \times m_n$

$= (7 \times 1.00783 + 7 \times 1.00867)u$

$= 14.1155u$

∴ द्रव्यमान क्षति-

$\Delta m =$ न्यूक्लिऑनों का द्रव्यमान ${}_{7}^{14}\mathrm{B}$ नाभिक का द्रव्यमान

$= 14.11550u - 14.00307u = 0.11243u$

अतः बन्धन ऊर्जा $E_B = \Delta m$ के तुल्य ऊर्जा

$= 0.11243 \times 931\ \mathrm{MeV}$

$= 104.67\ \mathrm{MeV}\ (\because 1u = 931\ \mathrm{MeV})$

प्रश्न 4 निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर ${}^{56}_{26\mathrm{Fe}}$ एवं ${}^{56}_{26\mathrm{Fe}}$ नाभिकों की बन्धन-ऊर्जा MeV में ज्ञात कीजिए।

a. $m({}^{56}_{26\mathrm{Fe}} = 55.934939\ u$
b. $m({}^{209}_{83\mathrm{Bi}} = 208.980388\ u$

उत्तर-

a.

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

दिया है, प्रोटॉन का द्रव्यमान $m_H = 1.007825u$

न्यूट्रॉन का द्रव्यमान $m_n = 1.008665u$

$^{56}_{26}Fe$ नाभिक का द्रव्यमान $m_{Fe} = 55.934939u$

इस नाभिक में 26 प्रोटॉन तथा $(56 - 26) = 30$ न्यूट्रॉन हैं।

$\therefore$ न्यूक्लिऑनों का द्रव्यमान $= 26m_H + 30mn$

$= 26 \times 1.007825 + 30 \times 1.008665$

$= 26.20345 + 30.25995 = 56.4634u$

$\therefore$ द्रव्यमान क्षति $\Delta m =$ न्यूक्लिऑनों का द्रव्यमान - नाभिक का द्रव्यमान

$= 56.4634 - 55.934939 = 0.528461u$

$\therefore$ $^{56}_{26}Fe$ नाभिक की बन्धन-ऊर्जा-

$= \Delta m \times 931 = 0.528461 \times 931.5MeV$

$= 492.26$ MeV

$\therefore$ बन्धन-ऊर्जा प्रति न्यूक्लिऑन $\frac{492.26}{56}$

$= 8.79$ MeV/ न्यूक्लिऑन

b.

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$^{209}_{83}Bi$ नाभिक का द्रव्यमान $m_{Bi} = 208.980388u$

इस नाभिक में 83 प्रोटॉन तथा 126 न्यूट्रॉन हैं।

$\therefore$ न्यूक्लिऑनों का द्रव्यमान $= 83m_H + 126mn$

$= 83 \times 1.007825 + 126 \times 1.008665$

$= 83.649475 + 127.091790$

$= 210.741260u$

$\therefore$ नाभिक की द्रव्यमान-क्षति $\Delta m = 210.741260 - 208.980388$

$= 1.760872u$

$\therefore$ नाभिक की बन्धन ऊर्जा $= \Delta M \times 931.5\ MeV$

$\therefore$ बन्धन-ऊर्जा प्रति न्यूक्लिऑन $= \frac{1640.26}{209} = 7.85$ MeV/ न्यूक्लिऑन

प्रश्न 5 एक दिए गए सिक्के का द्रव्यमान 3.0g है। उस ऊर्जा की गणना कीजिए जो इस सिक्के के सभी न्यूट्रॉनों एव प्रोटॉनों को एक-दूसरे से अलग करने के लिए आवश्यक हो। सरलता के लिए मान लीजिए कि सिक्का पूर्णतः $^{63}_{29}Cu$ परमाणुओं का बना है। ($^{63}_{29}Cu$ का द्रव्यमान =62.92960u)।

उत्तर-

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$^{63}_{29}\mathrm{Cu}$ में प्रोटॉन $(Z) = 29$, न्यूट्रॉन $= 63 - 29 = 34$

∴ **न्यूक्लिऑनों का कुल द्रव्यमान-**

= 29 प्रोटॉनों का द्रव्यमान + 34 न्यूट्रॉनों का द्रव्यमान

$$= (29 \times 1.00783 + 34 \times 1.00867)\mathrm{u} = 63.52185\mathrm{u}$$

∴ द्रव्यमान क्षति Δm = न्यूक्लिऑनों का द्रव्यमान $-^{63}_{29}\mathrm{Cu}$ नाभिक का द्रव्यमान

$$= 63.52185\mathrm{u} - 62.92960\mathrm{u} = 0.59225\mathrm{u}$$

∴ $^{63}_{29}\mathrm{Cu}$ **नाभिक की बन्धन ऊर्जा-**

$$E_B = 0.53225 \times 931\ \mathrm{MeV} = 551.385\ \mathrm{MeV}$$

m = 3.0 ग्राम में परमाणुओं (नाभिकों) की संख्या

$= \frac{m}{M} \times$ आवोगाद्रो संख्या

$$= \frac{3}{63} \times 6.02 \times 1023 = 2.86 \times 10^{22}$$

∴ सिक्के के सभी न्यूट्रॉनों तथा प्रोटॉनों को एक-दूसरे से अलग करने के लिए आवश्यक ऊर्जा

$$= 2.86 \times 10^{22} \times E_B$$

$$= 2.86 \times 10^{22} \times 551.385\ \mathrm{MeV}$$

$$= 1.6 \times 1025\ \mathrm{MeV}$$

प्रश्न 6 निम्नलिखित के लिए नाभिकीय समीकरण लिखिए-

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

(i) $^{226}_{88}Ra$ का α-क्षय

(ii) $^{242}_{94}Pu$ का α-क्षय

(iii) $^{32}_{15}P$ का β^--क्षय

(iv) $^{210}_{83}Bi$ का β^--क्षय

(v) $^{11}_{6}C$ का β^+-क्षय

(vi) $^{97}_{43}Tc$ का β^+-क्षय

(vii) $^{120}_{54}Xe$ का इलेक्ट्रॉन अभिग्रहण

उत्तर-

i. दी गयी अभिक्रिया के लिए नाभिकीय समीकरण निम्नलिखित है-

$$^{226}_{88}Ra \longrightarrow\ ^{222}_{86}Ra\ (\text{रेडॉन}) +\ ^{4}_{2}He\ (\alpha\text{- कण})$$

ii. दी गयी अभिक्रिया के लिए नाभिकीय समीकरण निम्नलिखित है-

$$^{32}_{15}P \longrightarrow\ ^{32}_{16}S\ (\text{सल्फर}) +\ ^{0}_{-1}\beta\ (\beta\text{–कण}) + \bar{\nu}\ (\text{ऐन्टीन्यूट्रिनो})$$

iii. दी गयी अभिक्रिया के लिए नाभिकीय समीकरण निम्नलिखित है-

$$^{210}_{83}Bi \longrightarrow\ ^{210}_{84}Po\ (\text{पोलोनियम}) +\ ^{0}_{-1}\beta + \bar{\nu}$$

iv. दी गयी अभिक्रिया के लिए नाभिकीय समीकरण निम्नलिखित है-

$$^{11}_{6}C \longrightarrow\ ^{11}_{5}B\ (\text{बोरॉन}) +\ ^{0}_{+1}\beta + \nu\ (\text{न्यूट्रिनो})$$

SHIVOM CLASSES 8696608541

v. दी गयी अभिक्रिया के लिए नाभिकीय समीकरण निम्नलिखित है-

$$^{97}_{43}\mathrm{Tc} \longrightarrow ^{97}_{42}\mathrm{Mo} + ^{0}_{+1}\beta + \mathrm{v}$$

vi. दी गयी अभिक्रिया के लिए नाभिकीय समीकरण निम्नलिखित है-

$$^{120}_{54}\mathrm{Xe} + ^{0}_{-1}\mathrm{e} \longrightarrow ^{120}_{53}\mathrm{I} + \mathrm{v}$$

प्रश्न 7 एक रेडियोऐक्टिव समस्थानिक की अर्धायु T वर्ष है। कितने समय के बाद इसकी ऐक्टिवता, प्रारम्भिक ऐक्टिवता की-

a. 3.125%
b. 1% रह जाएगी।

उत्तर-

a. माना समस्थानिक की प्रारम्भिक रेडियोऐक्टिवता = R_0

माना समयान्तराल n अर्धायुकालो के पश्चात् शेष रेडियोऐक्टिवता = R

प्रश्नानुसार, R = R_0 का 3.125%

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$\Rightarrow \ R = \frac{3.125}{100}R_0$$

परन्तु n अर्धायुकालो के बाद शेष रेडियोऐक्टिवता $R = R_0\left(\frac{1}{2}\right)^n$

$$\therefore \ \frac{3.125}{100}R_0 = R_0\left(\frac{1}{2}\right)^n$$

$$\Rightarrow \ \frac{1}{32} = \left(\frac{1}{2}\right)^n \Rightarrow \left(\frac{1}{2}\right)^5 = \left(\frac{1}{2}\right)^n$$

$$\therefore \ n = 5$$

अतः अभीष्ट समयान्तराल = n × एक अर्द्धायु = 5T

b.

इस बार $R = R_0$ का $1\% = \frac{1}{100}R_0$

परन्तु $R = R_0e^{-\lambda t}$

जहाँ $\lambda =$ पदार्थ का विघटन स्थिरांक तथा t = समयान्तराल

$$\therefore \ \frac{1}{100}R_0 = R_0e^{-\lambda t} \Rightarrow \frac{1}{100} = R_0$$

$$\Rightarrow \ 100 = e^{\lambda t}$$

दोनों ओर का log लेने पर,

$$\log_e .10^2 = \lambda t \log_e e$$

$$\Rightarrow 2\log_e 10 = \lambda t$$

$$\Rightarrow \lambda t = 2 \times 2.303 = 4.606$$

परन्तु $\lambda = \frac{0.693}{T_{\frac{1}{2}}} = \frac{0.693}{T} \ \therefore \ \frac{0.693}{T} \times t = 4.606$

$\therefore$ अभीष्ट समय $t = \frac{4.606}{0.693} \times T = 6.65T$

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्रश्न 8 जीवित कार्बनयुक्त द्रव्य की सामान्य ऐक्टिवता, प्रति ग्राम कार्बन के लिए 15 क्षय प्रति मिनट है। यह ऐक्टिवता, स्थायी समस्थानिक ${}^{14}_{6}C$ साथ अल्प मात्रा में विद्यमान रेडियोऐक्टिव ${}^{12}_{6}C$ के कारण होती है। जीव की मृत्यु होने पर वायुमण्डल के साथ इसकी अन्योन्य क्रिया (जो उपर्युक्त सन्तुलित ऐक्टिवता को बनाए रखती है) समाप्त हो जाती है तथा इसकी ऐक्टिवता कम होनी शुरू हो जाती है। ${}^{14}_{6}C$ की ज्ञात अर्धायु (5730 वर्ष) और नमूने की मापी गई ऐक्टिवता के आधार पर इसकी सन्निकट आयु की गणना की जा सकती है। यही पुरातत्व विज्ञान में प्रयुक्त होने वाली ${}^{14}_{6}C$ कालनिर्धारण (dating) पद्धति का सिद्धान्त है। यह मानकर कि मोहनजोदड़ो से प्राप्त किसी नमूने की ऐक्टिवता 9 क्षय प्रति मिनट प्रति ग्राम कार्बन है। सिन्धु घाटी सभ्यता की सन्निकट आयु का आकलन कीजिए।

उत्तर-

दिया है, $R_0 = 15$ क्षय प्रति मिनट

$R = 9$ क्षय प्रति मिनट, $T_{\frac{1}{2}} = 5730$ वर्ष

सूत्र $R = R_0 e^{-\lambda t}$ से, $9 = 15e^{-\lambda t}$

$$\Rightarrow \frac{5}{3} = e^{\lambda t} \Rightarrow 1.6667 = e^{\lambda t}$$

दोनों पक्षों का log लेने पर

$$\log_e(1.667) = \lambda t \log_e e$$

$$\Rightarrow 2.303 \log_{10} 1.6667 = \lambda t$$

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$\Rightarrow \lambda t = 2.3025 \times 0.22185 = 0.5108$$

$$\Rightarrow t = \frac{0.5108}{\lambda} = \frac{0.5108}{\left[\frac{0.693}{T_{\frac{1}{2}}}\right]} \left[\therefore \lambda = \frac{0.693}{T_{\frac{1}{3}}}\right]$$

अभीष्ट समय $t = \frac{0.5108}{0.693} \times T_{\frac{1}{2}} = 0.7371 \times 5730$ वर्ष

$= 4224$ वर्ष

प्रश्न 9 8.0 mCi सक्रियता का रेडियोऐक्टिव स्रोत प्राप्त करने के लिए $^{60}_{27}Co$ की कितनी मात्रा की आवश्यकता होगी? $^{60}_{27}Co$

उत्तर-

दिया है, सक्रियता $R = 80\ mCi = 80 \times 10^{-3} \times 3.7 \times 10^{10}$ विघटन s^{-1}

$= 29.6 \times 107$ विघटन s^{-1}

$T_{\frac{1}{2}} = 5.3$ वर्ष ($\because$ 1 क्यूरी $= 3.7 \times 10^{10}$ विघटन s^{-1})

$= 5.3 \times 365 \times 24 \times 60 \times 60s$

सक्रियता $R = -\frac{dN}{dt} = -\frac{d}{dt}(N_0 e^{-\lambda t})\ [\because\ N = N_0 e^{-\lambda t}]$

$$\Rightarrow R = +\lambda N_0 e^{-\lambda t}$$

$$\Rightarrow R = \lambda N \Rightarrow N = \frac{R}{\lambda}$$

$$\Rightarrow N = \frac{R}{\left[\frac{0.693}{T_{\frac{1}{2}}}\right]} = \frac{R}{0.693} \times T_{\frac{1}{2}}$$

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$\therefore$ आवश्यक परमाणुओं की संख्या $N = \frac{29.6 \times 10^7 \times 5.3 \times 365 \times 24 \times 60 \times 60}{0.693}$

$= 7.133 \times 10^{16}$ परमाणु

$\because$ ${}^{60}_{27}Co$ का ग्राम परमाणु द्रव्यमान = 60

$\therefore$ 60g Co में परमाणुओं की संख्या $= N_A = 6.02 \times 10^{23}$

$\therefore$ 7.133×10^{16} परमाणु का द्रव्यमान $= \frac{60}{6.02 \times 10^{23}} \times 7.133 \times 10^{16}$

$= 7.109 \times 10^{-6} g = 7.11 \mu g$

प्रश्न 10 ${}^{90}_{38}Sr$ की अर्धायु 28 वर्ष है। इस समस्थानिक के 15mg की विघटन दर क्या है?

उत्तर-

दिया है, पदार्थ का द्रव्यमान $= 15 \times 10^{-3}$

तथा $T_{\frac{1}{2}} = 28$ वर्ष $= 28 \times 365 \times 24 \times 60 \times 60s = 88.3 \times 107s$

$\therefore$ ${}^{90}_{38}Sr$ का ग्राम परमाणु द्रव्यमान = 90g

$\therefore$ 90g Sr में परमाणुओं की संख्या $= 6.02 \times 10^{23}$

$\therefore$ 15×10^{-3}g में परमाणुओं की संख्या $= \frac{6.02 \times 10^{23}}{90} \times 15 \times 10^{-3}$

$\therefore$ पदार्थ की विघटन दर (सक्रियता) $R = \lambda N$

$\Rightarrow R = \frac{0.693}{88.3 \times 10^7} \times 1.004 \times 10^{20}$

$= 7.879 \times 10^{10}$ विघटन s^{-1}

$= \frac{7.879 \times 10^{10}}{3.7 \times 10^{10}} Ci = 2.13 Ci$

प्रश्न 11 स्वर्ण के समस्थानिक ${}^{197}_{79}Au$ एवं ${}^{107}_{47}Au$ रजत के समस्थानिक की नाभिकीय त्रिज्या के अनुपात का सन्निकट मान ज्ञात कीजिए।

उत्तर- किसी नाभिक की त्रिज्या निम्नलिखित सूत्र द्वारा प्राप्त होती है-

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$R = R_0 A^{\frac{1}{3}}$$

जहाँ A = परमाणु द्रव्यमान जबकि R_0 = नियतांक

यहाँ $^{197}_{79}\mathrm{Au}$ के लिए, $A_1 = 197$

तथा $^{107}_{47}\mathrm{Ag}$ के लिए, $\mathrm{Ag} = 107$

$$\therefore \frac{R_1}{R_2} = \frac{(A_1)^{\frac{1}{3}}}{(A_2)^{\frac{1}{3}}} = \left(\frac{A_1}{A_2}\right)^{\frac{1}{3}} = \left(\frac{197}{107}\right)^{\frac{1}{3}}$$

$$\Rightarrow \frac{R_1}{R_2} = (1.84)^{\frac{1}{3}} = 1.23$$

$\therefore$ त्रिज्याओं का अनुपात $R_1 : R_2 = 1.23 : 1$

प्रश्न 12

$^{226}_{88}\mathrm{Ra}$ एवं $^{220}_{86}\mathrm{Rn}$ नाभिकों के $\alpha-$ क्षय में उत्सर्जित $\alpha-$कणों का Q-मान एवं गतिज ऊर्जा ज्ञात कीजिए।

दिया है- $m(^{226}_{88}\mathrm{Ra}) = 226.02540\ u$, $m(^{222}_{86}\mathrm{Rn}) = 222.01750\ u$,

$m(^{222}_{86}\mathrm{Rn}) = 220.01137\ u$, $m(^{216}_{84}\mathrm{Po}) = 216.00189\ u$.

उत्तर-

1. $^{226}_{88}\mathrm{Ra}$ का $\alpha-$ क्षय निम्न अभिक्रिया के अनुसार होगा-

$$^{226}_{88}\mathrm{Ra} \longrightarrow {}^{222}_{86}\mathrm{Rn} + {}^{4}_{2}\mathrm{He} + Q$$

$$Q = [m(^{226}_{88}\mathrm{Ra}) - \{m(^{226}_{88}\mathrm{Rn}) + m(^{4}_{2}\mathrm{He})\} \times 931\ \mathrm{MeV}$$

$$= [226.02540 - (222.01750 + 4.00260)] \times 931\ \mathrm{MeV}$$

$$= 4.934\ \mathrm{MeV}$$

$\alpha-$ कण की गतिज ऊर्जा $K_a = \left(\frac{A-4}{A}\right)Q$

$$= \left(\frac{226-4}{226}\right) \times 4.934\ \mathrm{MeV}$$

$$= 4.85\ \mathrm{MeV}$$

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

2. $^{220}_{86}\text{Rn}$ के $\alpha-$ क्षय का समीकरण निम्नलिखित है-

$$^{220}_{86}\text{Rn} \longrightarrow {}^{216}_{84}\text{Po} + {}^{4}_{2}\text{He} + \text{Q}$$

द्रव्यमान क्षति $\Delta \text{m} =$[बाएँ पक्ष का द्रव्यमान - दाएँ पक्ष का द्रव्यमान]

$$= [220.01137 - (216.00189 + 4.002603)]\text{u}$$

$$= 0.006877\text{u}$$

अभिक्रिया का Q मान $= \Delta \text{m} \times 931.5 \text{ MeV}$

$$= 0.006877 \times 931.5$$

$$= 0.641 \text{ MeV}$$

भाग (a) के अनुसार,

$\alpha-$ कण की गतिज ऊर्जा $\text{K}_\alpha = \left(\frac{\text{A}-4}{\text{A}}\right)\text{Q}$

$$= \frac{220-4}{220} \times 0.641$$

$$\text{K}_\alpha = 0.629 \text{ MeV}$$

प्रश्न 13 रेडियोन्यूक्लाइड $^{11}_{6}\text{C}$ का क्षय निम्नलिखित समीकरण के अनुसार होता है,

$$^{11}_{6}\text{C} \rightarrow {}^{11}_{5}\text{B} + \text{e}^{+} + \text{v} : \text{T}_{1/2} = 20.3 \text{ min}$$

उत्सर्जित पॉजिट्रॉन की अधिकतम ऊर्जा 0.960 Mev है। द्रव्यमानों के निम्नलिखित मान दिए गए हैं

$$\text{m}(^{11}_{6}) = 11.011434 \text{ u} \text{ तथा } \text{m}(^{11}_{6}\text{B}) = 11.009305\text{u},$$

Q- मान की गणना कीजिए एवं उत्सर्जित पॉजिट्रॉन की अधिकतम गतिज ऊर्जा के मान से इसकी तुलना कीजिए।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर-

दिया गया समीकरण-

$${}^{11}_{6}C \longrightarrow {}^{11}_{5}B + {}^{0}_{+1} + v$$

$$\therefore \Delta m = [{}^{11}_{6}C \text{ नाभिक का द्रव्यमान} - ({}^{11}_{5}B \text{ नाभिक का द्रव्यमान}) - {}^{0}_{+1}e \text{ का द्रव्यमान}]$$

$$= [\{m({}^{11}_{6}C) - 6m_e\} - \{m({}^{11}_{5}B) - 5m_e\} - m_e]$$

$$= m({}^{11}_{6}C) - m({}^{11}_{5}B) - 2m_e$$

$$= 11.011434 - 11.009305 - 2 \times 0.000548 = 0.001033u$$

$$\therefore Q = \Delta m \times 931 = 0.001033 \times 931 = 0.961 \text{ MeV}$$

उत्सर्जित पॉजिट्रॉन की महत्तम गतिज ऊर्जा 0.960 MeV है जो कि Q-मान के तुल्य है।

∴ उत्पाद नाभिक पॉजिट्रॉन की तुलना में अत्यधिक भारी है; अत: इसकी गतिज ऊर्जा लगभग शून्य होगी, पुन: चूंकि पॉजिट्रॉन की अधिकतम गतिज ऊर्जा Q– मान के तुल्य है; अतः न्यूट्रिनो भी लगभग शून्य ऊर्जा के साथ उत्सर्जित होगा।

प्रश्न 14 ${}^{23}_{10}Ne$ का नाभिक β– उत्सर्जन के साथ क्षयित होता है। इस β– क्षय के लिए समीकरण लिखिए और उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम गतिज ऊर्जा ज्ञात कीजिए।

$$m({}^{23}_{10}Ne) = 22.994466 \text{ u}$$

$$m({}^{23}_{10}Na) = 22.089770 \text{ u}$$

उत्तर-

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

नाभिक के $\beta-$क्षय का समीकरण निम्नलिखित है-

$$^{23}_{10}Ne \longrightarrow {}^{23}_{11}Na + {}^{0}_{-1}\beta + \bar{v}$$

द्रव्यमान क्षति $\Delta m = m_N({}^{23}_{10}Ne) - m_N({}^{23}_{11}Na) - m_e$

(जहाँ m_N = नाभिक का द्रव्यमान)

$$= [m({}^{23}_{10}Ne) - 10m_e] - [m({}^{23}_{11}Na) - 11m_e] - m_e$$

$$= m({}^{23}_{10}Ne) - m({}^{23}_{11}Na)$$

$$= [22.994466 - 22.989770]u = 0.004696u$$

$\therefore$ Q का मान $= \Delta m \times 931\ MeV = 0.04696 \times 931.5\ MeV$

$\Rightarrow Q = 4.37\ MeV$

$\because$ ${}^{23}_{10}Ne$ तथा ऐन्टिन्यूट्रिनो ${}^{0}_{+1}$ की तुलना में अत्यधिक भारी है, अतः इसकी गतिज ऊर्जा लगभग शून्य होगी। β–कण की ऊर्जा अधिकतम होगी यदि ऐन्टिन्यूट्रिनो शून्य ऊर्जा के साथ उत्सर्जित हो। इस दशा में β–कण की ऊर्जा अधिकतम होगी यदि ऐन्टिन्यूट्रिनो शून्य ऊर्जा के साथ उत्सर्जित हो। इस दशा में β–कण की अधिकतम ऊर्जा ९ मान के बराबर अर्थात् 4.37 MeV होगी।

प्रश्न 15 किसी नाभिकीय अभिक्रिया A + b → C + d का Q-मान निम्नलिखित समीकरण द्वारा परिभाषित होता है- $Q = [m_A + m_b - m_c - m_d]c^2$

जहाँ दिए गए द्रव्यमान, नाभिकीय विराम द्रव्यमान (rest mass) हैं। दिए गए आँकड़ों के आधार पर बताइए कि निम्नलिखित अभिक्रियाएँ ऊष्माक्षेपी हैं या ऊष्माशोषी।

a. ${}^{1}_{1}H + {}^{3}_{1}H \rightarrow {}^{2}_{1}H + {}^{2}_{1}H$

दिए गए परमाणु का द्रव्यमान इस प्रकार है-

$m({}^{2}_{1}H = 2.014102\ u$

$m({}^{3}_{1}H = 3.016049\ u$

$m({}^{12}_{6}C = 12.000000\ u$

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$m({}^{20}_{10}Ne = 19.992439$ u

b.

$${}^{12}_{6}C + {}^{12}_{6}C \rightarrow {}^{20}_{10}Ne + {}^{4}_{2}He$$

दिए गए परमाणु का द्रव्यमान इस प्रकार है-

$m({}^{2}_{1}H) = 2.014102$ u

$m({}^{3}_{1}H) = 3.016049$ u

$m({}^{12}_{6}C) = 12.000000$ u

$m({}^{20}_{10}Ne) = 19.992439$ u

उत्तर- दी गई अभिक्रिया निम्नलिखित है-

$${}^{1}_{1}H + {}^{3}_{1}H \longrightarrow {}^{2}_{1}H + {}^{2}_{1}H$$

इस अभिक्रिया का Q- मान निम्नलिखित है-

$$Q = [m_N({}^{1}_{1}H) + m_N({}^{3}_{1}H) - m_N({}^{2}_{1}H) - m_N({}^{2}_{1}H)]c^2$$

जहाँ m_N का अर्थ नाभिकीय द्रव्यमान से है जबकि m का अर्थ परमाणु द्रव्यमान है।

$\therefore m_N({}^{1}_{1}H) = m({}^{1}_{1}H) - m_e$

$m_N({}^{3}_{1}H) = m({}^{3}_{1}H) - m_e$

$m_N({}^{2}_{1}H) = m({}^{2}_{1}H) - m_e$

$\therefore m_N({}^{1}_{1}H) + m_N({}^{3}_{1}H) - m_N({}^{2}_{1}H) - m_N({}^{2}_{1}H)$

$= m({}^{1}_{1}H) - m_e + m({}^{3}_{1}H) - m_e - m({}^{2}_{1}H) + m_e$
$- m({}^{2}_{1}H) + m_e$

$= m({}^{1}_{1}H) + m({}^{3}_{1}H) - m({}^{2}_{1}H) - m({}^{2}_{1}H)$

$= 1.007825 + 3.016049 - 2.014102 - 2.014102$

$= -0.004339$u

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$= -0.004339 \times 1.66 \times 10^{-27}\text{kg}$

$[\because m(^1_1H) = 1.007825u$ व $1u = 1.66 \times 10^{-27}\text{kg}]$

$\therefore\ Q = -0.004339 \times 1.66 \times 10^{-27} \times (3 \times 108)^2 J$

$= -6.46 \times 10^{-13} J$

